**वाहन चेकिंग**
**प्रेस नोट**
**दिनांक 11.03.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों पर चलाया गया विशेष वाहन चेकिंग अभियान-**

**ट्रिपलिंग, बिना नम्बर प्लेट के हाई स्पीड बाइक, मुँह पर गमछा, मास्क आदि पहने बाइक पर सवार नए उम्र के लड़को को चेकिंग के दिये गए निर्देश-**

आज दिनांक 11.03.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना/चौकी क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद गोण्डा में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु बैंक, पेट्रोल पम्प, सर्राफा बाजार की ओर आने- जाने वाले रास्तो पर जगह बदल- बदल कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें नये उम्र के मोटरसाइकिल पर ट्रिपलिंग किये हुए लड़के, बिना नम्बर प्लेट की गाड़ी, बिना हेलमेट व सीटबेल्ट, मुँह पर गमछा/मास्क आदि पहने बाइक पर सवार संदिग्धों की चेकिंग की गयी तथा यातायात नियमों का उलंघन करने जैसे - बिना हेलमेट/सिटबेल्ट के गाड़ी चलाना, निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज गाड़ी चलाना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना, नशे में गाड़ी चलाने  आदि नियमो का उलंघन करने वालो का चालन किया गया।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 11.03.2024, थाना नवाबगंज,**
**जनपद गोण्डा।**

**थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा अवैध कच्ची अपमिश्रित शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, 40 ली0 अवैध कच्ची अपमिश्रित शराब, नौसादर, यूरिया व शराब बनाने के उपकरण बरामद-**

**कार्यवाहीः-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री सौरभ वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा 40 ली0 अवैध कच्ची अपमिश्रित शराब, नौसादर, यूरिया व शराब बनाने के उपकरण के साथ अभियुक्त रंगी लाल पुत्र ठाकुर प्रसाद निषाद नि0 ग्राम दुर्गागंज माझा थाना नवाबगंज गोण्डा को सरयू नदी के किनारे जैतपुर व दुर्गागंज मांझा के बीच से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

आज दिनांक 11.03.2024 को थाना नवाबगंज के व0उ0नि0 त्रियुगी प्रसाद शर्मा मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जैतपुर व दुर्गागंज माझा के बीच अवैध कच्ची शराब का निष्कर्षण हो रहा है प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा बताये गए स्थान पर घेराबन्दी कर अभियुक्त रंगी लाल पुत्र ठाकुर प्रसाद निषाद नि0 ग्राम दुर्गागंज माझा थाना नवाबगंज गोण्डा को सरयू नदी के किनारे जैतपुर व दुर्गागंज मांझा के बीच से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो पीपीया में 40 लीटर अपमिश्रित शराब, 01 किलो यूरिया, 500 ग्राम नौशादर व बनाने के उपकरण बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना नवबगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. रंगी लाल पुत्र ठाकुर प्रसाद निषाद नि0 ग्राम दुर्गागंज माझा थाना नवाबगंज गोण्डा

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-86/2024, धारा 60, 60(2) आबकारी अधि0 व 272 भादवि थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 02 प्लास्टिक की पीपियो मे कुल 40 लीटर अपमिश्रित शराब
02. 01 किलो ग्राम यूरिया
03. 500 ग्राम नौशादर
04. शराब बनाने के उपकरण बरामद

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. व0उ0नि0 त्रियुगी प्रसाद शर्मा
02. उ0नि0 जयनाथ यादव
03. का0 अतुल कुमार सिंह

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 11.03.2024**

**आगामी लोक सभा चुनाव 2024 एंव त्योहारों के दृष्टिगत गोण्डा पुलिस द्वारा चलाये गए विशेष अभियान के तहत 06 नफर गैर जमानतीय वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 एंव त्योहारों को भयमुक्त वातारण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अराजक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाकर अधिक से अधिक गिरफ्तारी करने के कड़े निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए गए हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के नेतृत्व में व समस्त क्षेत्राधिकारी गणों के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों द्वारा थाना स्तर पर टीमों का गठन कर विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें समस्त थानों से कुल 06 नफर गैर जमानतीय वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। जिनका विवरण निम्न है- थाना को0 नगर पुलिस ने 01, थाना इटियाथोक पुलिस ने 02, थाना कटराबाजार पुलिस ने 01, थाना मनकापुर पुलिस ने 01, थाना परसपुर पुलिस ने 01 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहारों को भयमुक्त वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अराजक तत्वों के विरूद्ध विशेष अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 11.03.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में लोकसभा चुनाव-2024 को निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत अर्धसैनिक बल (SSB) एवं पुलिस बल के साथ थाना मोतगंज के विभिन्न ग्राम/मोहल्लों/कस्बा में किया गया रूट मार्चः-**

आज दिनांक 11.03.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव - 2024 को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत व जनपद में कानून व शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अर्धसैनिक बल (SSB) एवं पुलिस बल के साथ थाना मोतीगंज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/मौहल्लों/कस्बा में रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने तथा सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तथा अवांछनीय व आपराधिक तत्व के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने हेतु एरिया डाॅमिनेशन किया गया। लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त व निडर होकर मतदान करने की अपील की गई तथा सभी को चुनावो में बढ-चढकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही अवगत कराया गया कि लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है तथा ऐसे लोगों पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न फैलाये न फैलने दे, अफवाह फैलाने वाले तत्वो पर भी पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इसके साथ ही लोगो को बताया गया कि चुनावों के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले लोगो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार गोण्डा के अन्य थानों पर भी क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान जनपद में आदर्श आचार संहिता के लागू होने पर उसका पालन करने तथा चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन का सहयोग करने हेतु अपील की गयी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**